सबगुरु डिजिटल मीडिया प्लेटफार्म
https://www.facebook.com/sabgurunews/
https://www.sabguru.com/
https://www.youtube.com/channel/UCCsLI90UP-prqTinNwqIJX7g/
English Article Link:
https://www.sabguru.com/en/the-role-of-dopamine-understanding-the-feel-good-hormone/

SABGURU NEWS

RNI TITLE CODE NO. RAJBIL27046

ख़बरों के लिए स्कैन करें

# सबगुरु न्यूज

(राष्ट्रीय द्विभाषीय पाक्षिक)

मो.9887907277 Email ID sabgurunews@gmail.com Website https://www.sabguru.com

सम्पादक - विजय सिंह

वर्ष 1 | अंक 13 | अजमेर, सोमवार 25 दिसम्बर 2023 | मूल्य 5 रुपए | पृष्ठ-4

## सम्पादकीय

## उपराष्ट्रपति की मिमिक्री और संसद की तुलना कोरियाई सदन से कर विपक्ष ने भारतीयों का दिल दुखाया

भारत की संसद लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है और हमारे देश के सम्मान और स्वाभिमान की प्रतीक भी है। संसद भवन कोई इमारत मात्र नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की उम्मीदों और आकांक्षाओं की पूर्ति करने वाला पवित्र स्थल भी है। संसद से हर भारतीय गहरा भावनात्मक लगाव रखता है लेकिन जिस तरह से संसद के कुछ सदस्य ही संसद की मर्यादा और सम्मान को ठेस पहुँचा रहे हैं वह सचमुच आहत करने वाला है। देखा जाये तो विपक्ष के बड़े नेता विदेशी धरती पर जाकर तो भारतीय लोकतंत्र का मजाक उड़ाते ही हैं अब उन्होंने देश में भी संसदीय लोकतंत्र का उपहास उड़ाना शुरू कर दिया है। हम आपको बता दें कि अमर्यादित आचरण के चलते सदन से निलंबित किये गये विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को संसद को संविधान की कब्रगाह बताते हुए इसकी तुलना उत्तर कोरियाई सदन से कर हर भारतीय का दिल दुखाया है। शिरोमणि अकाली दल की नेता और सांसद हरसिमरत कौर बादल को संसद संविधान की कब्रगाह नजर आई तो दूसरी ओर तमाम तरह के आर्थिक अपराधों के आरोपों से घिरे कांग्रेस नेता और सांसद कार्ति चिदंबरम ने दावा कर दिया है कि संसद जल्द ही उत्तर कोरियाई सदन की तरह हो जाएगी। कार्ति चिदंबरम ने कहा है कि हम उत्तर कोरियाई सदन की तरह बनने वाले हैं और केवल एक चीज की कमी है कि जब प्रधानमंत्री सदन के अंदर आएं तो सब साथ मिलकर तालियां बजाएं। कार्ति चिदंबरम ने कहा कि यह एक सांकेतिक सदन बनने वाला है।बात सिर्फ लोकतंत्र के अपमान की भी नहीं है। संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों की जिस तरह मिमिक्री कर उनका अपमान करने की होड़ चल पड़ी है और हमारे संवैधानिक संस्थानों पर राजनीतिक हमले किये जाने का जो सिलसिला चला है वह एक तरह से भारत की छवि पर हमला है। कभी प्रधानमंत्री के लिए तानाशाह, हिटलर, नीच या कोई अन्य अपमानजनक शब्द उपयोग किया जाता है तो कभी देश की राष्ट्रपति का अपमान कर दिया जाता है। अब उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का जिस तरह अपमान किया गया उसने सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की सभी सीमाएं लांघ दी हैं। यहां यह भी ध्यान रखने योग्य बात है कि राष्ट्रपति द्रौपद्री मुर्मू होंए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हों या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हों यह सभी साधारण और गरीब परिवार से ताल्लुक रखते हैं। इन सभी को राजनीति विरासत में नहीं मिली बल्कि यह जीवन में अभाव और संघर्षों पर विजय हासिल करते हुए यहां तक पहुँचे हैं लेकिन लगता है कि दिल्ली पर दशकों तक राज करने वाले राज परिवार के लोगों को यह सब भा नहीं रहा इसलिए सुनियोजित तरीके से शीर्ष पदों पर बैठे लोगों पर हमले किये और करवाये जा रहे हैं।विपक्ष ने ऐसा ही रवैया न्यायपालिका और संवैधानिक संस्थानों के प्रति भी अपनाया हुआ है। कोई फैसला अपने मन मुताबिक नहीं आये तो न्यायपालिका पर सवाल उठा देनाए चुनाव हार गये तो ईवीएम पर सवाल उठा देनाए नोटिस मिल जाये तो आयकर विभाग या ईडी पर सवाल उठा देना और पूछताछ के लिए बुला लिया जाये तो सीबीआई पर राजनीतिक हमला कर देना अब विपक्षी नेताओं की आदत में शुमार हो चुका है। लेकिन यह ध्यान रखा जाना चाहिए कि ये जो पब्लिक है ये सब जानती है और जनता की अदालत हर चुनाव में त्वरित न्याय करती है।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी ने उपराष्ट्रपति से सहानुभूति जताते हुए जो कुछ कहा है वह मात्र उनके समर्थन में खड़ा होना नहीं है बल्कि राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के शब्दों से उनके मन की पीड़ा और चिंता की भी झलक मिलती है।

## राजस्थान में 25 लाख रुपए तक इलाज निशुल्क- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा



जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आश्वस्त किया है कि राज्य में सरकारी योजनाओं के तहत पच्चीस लाख तक का इलाज निशुल्क किया जाएगा। शर्मा ने शनिवार को उनसे मिले राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष प्यारे लाल चौधरी एवं कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र सिंह शेखावत को यह आश्वासन देते हुए कहा कि उनकी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया से बात हो चुकी है और निर्णय लिया जा चुका है कि राज्य में पच्चीस लाख तक का इलाज निशुल्क किया जाएगा।उन्होंने कहा कि अस्पतालों एवं मेडिकल स्टोर वालों का बकाया भुगतान करने का निर्णय भी किया जा चुका है और उनकी बकाया राशि का शीघ्र भुगतान कर आरजीएचएस एवं सरकारी योजनाओं के तहत निशुल्क इलाज को भी सुनिश्चित किया जाएगा।शेखावत ने बताया कि उनकी मुख्यमंत्री से हुई शिष्टाचार भेंट में उन्हें अवगत कराया गया कि पिछले छह महीनों से प्रदेश में आम जनए पेंशनर्स एवम् राज्य कर्मचारी निशुल्क इलाज को लेकर परेशान हो रहे हैं और राज्य कर्मचारियों के वेतन से काटे जाने वाली करीब साढ़े चार सौ करोड़ की राशि भी उनके इलाज की बजाय अन्य मद में काम ली जा रही है जिससे रा'य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स का कैशलैस इलाज भी बंद हो गया है। मुख्यमंत्री के इस आश्वासन के बाद नर्सेज नेताओं ने उनका आभार व्यक्त किया।

## राजस्थान में लखपति दीदी योजना में 11.24 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य




जैसलमेर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल ने कहा है कि उनकी सरकार स्वयं सहायता समूहों को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य कर रही है तथा लखपति दीदी योजना के तहत राज्य की 11.24 लाख महिलाओं को लाभान्वित करने का लक्ष्य रखा गया है और अब तक तीन लाख महिलाओं को इस श्रेणी में लाया जा चुका है। शर्मा शनिवार को यहां लखपति दीदी सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस योजना की शुरूआत की गई है। इस योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूह से जुड़ी देश की दो करोड़ माताओं-बहिनों को रोजगारोन्मुखी कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 150 करोड़ रुपए के चैक भी वितरीत किए।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशभर में दो करोड़ लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। इसे साकार करने के लिए एक हजार करोड़ रूपए के निवेश के साथ महिला सशक्तीकरण एसएचजी मिशन शुरू किया जाएगा। इसमें दो लाख नई महिला सदस्यों को एसएचजी से जोड़ने का लक्ष्य है और उन्हें सरल ण सुविधाएं व मार्केट लिंकेज की सुविधा प्रदान करने की कार्ययोजना बनाई जा रही। उन्होंने कहा कि एसएचजी में काम करने वाली लगभग 28 लाख महिलाओं को महिला सशक्तिकरण क्रेडिट कार्ड योजना के माध्यम से न्यूनतम दर पर एक लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराने के लिए रोडमैप तैयार किया जाएगा। शर्मा ने महिला सुरक्षा राज्य सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि इसी क्रम में प्रदेश के हर जिले में एक महिला थाना स्थापित होगा। हर पुलिस थाने में महिला डेस्क की स्थापना होगी तथा सभी प्रमुख शहरों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने 16 दिसम्बर से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देने और नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की है। इस यात्रा के माध्यम से हर पात्र परिवार और व्यक्ति को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। यात्रा की मॉनिटरिंग के लिए ग्राम पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक टीम गठित की गई हैं। शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों से इस यात्रा में जुड़ने का आह्वान भी किया।इस दौरान केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा कि मोदी ने देश की महिलाओं के सशक्तीकरण तथा उनके जीवन में परिवर्तन लाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। माताओं और बहिनों की गरिमा को बनाए रखने के लिए देशभर में शौचालयों का निर्माण उन्हें धुंए से मुक्ति दिलाने के लिए उज्ज्वला योजना के माध्यम से घर-घर तक रसोई गैस तथा पीने के पानी के लिए हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य हमारी सरकार द्वारा किया जा रहा है। आज हर क्षेत्र में महिलाओं के लिए नवीन द्वार खुल रहे हैं। आज हम महिला सशक्तीकरण के दौर से आगे बढ़कर महिलाओं के माध्यम से देश के विकास के दौर में प्रवेश कर गए हैं।केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही लखपति दीदी योजना के माध्यम से आने वाले समय में प्रदेश की महिलाएं सामाजिकए आर्थिक एवं राजनीतिक दृष्टि से मजबूत होंगी। इस पहल से महिलाओं के कौशल विकास के साथ ही उन्हें आजीविका के नवीन साधन उपलब्ध हो सकेंगे। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश की माताओं व बहिनों का बहुत बड़ा योगदान रहेगा।

## कांग्रेस ने की नए प्रभारियों की नियुक्ति, रंधावा को राजस्थान पायलट को छत्तीसगढ़ सौंपा





नई दिल्ली। कांग्रेस ने विभिन्न राज्यों के लिए प्रभारी नियुक्त करते हुए फिर केसी वेणुगोपाल को संगठन का जिम्मा सौंपा है जबकि गुरदीपसिंह सप्पल को प्रशासन का नया प्रभारी बनाया गया है। कांग्रेस महासचिव वेणुगोपाल ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन सभी प्रभारियों के नाम को मंजूरी दी है।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक को गुजरात, जितेंद्र सिंह को असम और मध्य प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है जबकि रणदीप सिंह सुरजेवाला कर्नाटकए दीपक बावरिया को दिल्ली के साथ हरियाणा का अतिरिक्त प्रभारए सचिन पायलट को छत्तीसगढ़, अरविंद पांडे को उत्तर प्रदेशए कुमारी सैलजा को उत्तराखंड जीए मीर को झारखंड के साथ ही पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। कांग्रेस महासचिव के अनुसार दीपा दासमुंशी को केरलए लक्षद्वीप और तेलंगाना का अतिरिक्त प्रभार, जय राम रमेश संचार विभाग, केसी वेणुगोपाल को प्रभारी संगठन बनाया गया है। रमेश चेनिथला को महाराष्ट्रए मोहन प्रकाश को बिहार, डॉ चेल्ला कुमार को अरुणाचल, मेघालय तथा मिजोरम डॉ अजय कुमार को ओडिशा के साथ ही तमिलनाडु तथा पुद्दुचेरी का अतिरिक्त प्रभारभारत सिंह सोलंकी को जम्मू कश्मीर, राजीव शुक्ला को हिमाचल प्रदेश तथा चंडीगढ़, सुखजिंदर सिंह रंधावा को राजस्थान, देवेंद्र यादव को पंजाब, माणिक राव ठाकरे को गोवाए दमन दीयू तथा दादरा नागर हवेलीए गिरीश चोडनकर को त्रिपुरा, सिक्किम, नगालैंड तथा मणिपुरए मणिक्कम टैगोर को आंध्र प्रदेशए अंदमान निकोबार तथा गुरदीप सिंह सप्पल को प्रशासन का प्रभारी बनाया गया है।पार्टी ने सांसद डॉ नासिर हुसैन को कांग्रेस अध्यक्ष कार्यालय का प्रभारी महासचिव बनाया है जबकि प्रणव झा को कांग्रेस अध्यक्ष कार्यालय में संचार विभाग का प्रभारी सचिव बनाया गया है।

# आभूषण उद्योग अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ बड़ा रोजगार सृजक




जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आभूषण उद्योग को अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ बड़ा रोजगार सृजक बताते हुए कहा है कि यह पर्यटन को भी काफी बढ़ावा देता है और रिपीट टूरिज्म में एक बड़ी भूमिका निभाता है।दिया कुमारी शुक्रवार को यहां 21वें जयपुर ज्वैलरी शो जेजेएस के उद्घाटन के अवसर पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि जयपुर आभूषणों का पर्याय है और जेजेएस कैलेंडर पर एक बहुप्रतीक्षित वार्षिक कार्यक्रम बन गया है। आभूषण उद्योग अर्थव्यवस्था के लिए एक बड़ा सहारा है क्योंकि यह रोजगार प्रदान करता है और लोगों को नौकरियां देता है। रत्न एवं आभूषण उद्योग से दो लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलता है। उन्होंने कहा कि आभूषण उद्योग पर्यटन को भी काफी बढ़ावा देता है और रिपीट टूरिज्म में एक बड़ी भूमिका निभाता है क्योंकि विश्व भर से लोग आभूषण खरीदने के लिए जयपुर आते हैं।

उन्होंने कहा कि यह काफी सराहनीय है कि जेजेएस कारीगरों, उभरते डिजाइनरों और युवा ज्वैलर्स को अवसर देता है। उन्होंने कहा अब समय आ गया है कि शो को अगले स्तर पर ले जाया जाए और इसे जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल की तरह ही अन्य देशों में शो की योजना बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जाए। उन्होंने रत्न एवं आभूषण उद्योग के लिए सरकार की ओर से समर्थन का भी आश्वासन दिया।इस अवसर पर जेम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद थे। उन्होंने कहा कि भू.राजनीतिक विषयों और आर्थिक मंदी के कारण 2023 रत्न और आभूषण उद्योग के लिए एक चुनौतीपूर्ण वर्ष रहा है। हालांकि उद्योग में सुधार हुआ है और महत्वपूर्ण वृद्धि देखी जा रही है। जीजेईपीसी और ज्वैलर्स संयुक्त रूप से भारत को इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक केंद्र बनाने के लिए विभिन्न पहल कर रहे हैंए जैसे सूरत में डायमंड बोर्स और जयपुर में आगामी बोर्स।

जेजेएस के मानद सचिव राजीव जैन ने इस वर्ष के जेजेएस की विशेषताओं और परंपराओं के बारे में बताते हुए कहा कि वर्ष 2003 में जेजेएस समारोह में जहां मात्र 67 बूथ थे वहीं इस वर्ष 1100 से अधिक बूथ हैं। इस वर्ष 1100 बूथ में 659 बूथ पर ज्वैलरी और 318 बूथ पर जेमस्टोन्स प्रदर्शित की जा रही है जबकि 58 पर अलाइड मशीनरी और 14 बूथ पर कॉस्ट्यूम एवं सिल्वर आर्टिकल्स और आर्टिफेक्ट्स प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इस वर्ष छह अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शक भी हैं और पांच देशों के डेलिगेशन भी शो का हिस्सा हैं। शो में लगभग 64 प्रतिशत बूथ डिज़ाइनर बूथ हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष शो में 50 हजार से अधिक आगंतुकों के आने की उम्मीद है।नेशनल जेम्स एंड ज्वैलरी काउंसिल ऑफ इंडिया के चेयरमैन प्रमोद डेरेवाला ने कहा कि जयपुर का रत्न एवं आभूषण उद्योग विदेशी मुद्रा आय, कर राजस्व और रोजगार सृजन के माध्यम से राज्य के साथ देश की अर्थव्यवस्था में योगदान दे रहा है। इससे पहले अपने स्वागत भाषण में जेजेएस के चेयरमैन विमल चंद सुराणा ने कहा कि जयपुर शहर का रत्न और आभूषण उद्योग का हमेशा समर्थन मिला है। जयपुर ज्वैलरी शो एक महत्वपूर्ण और प्रगतिशील शो है और पिछले कुछ वर्षों में यह काफी मजबूत हुआ है। ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल के चेयरमैन संयम मेहरा ने कहा कि यहां आभूषणों का उत्कृष्ट प्रदर्शन है और जेजेएस सभी अंतरराष्ट्रीय शो को कड़ी टक्कर दे रहा है। जेजेएस के प्रवक्ता अजय काला ने कहा कि जेजेएस सभी कीमती धातुओं और रंगीन स्टोन्स के साथ एक संपूर्ण शो है। यहां 500 रुपए से लेकर एक करोड़ रुपये तक की 'वैलरी मौजूद हैं। शो में लगभग 300 रंगीन जेमस्टोन्स प्रदर्शित हैं। इस मौके जेएस शो गाइड का विमोचन भी किया गया।

## नवरतन कोठारी को मिला लाईफटाईम अचीवमेन्ट अवॉर्ड

### जेजेएसइंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स-2023



जयपुर। देश में रत्नाभूषण क्षेत्र की प्रमुख पत्रिका इण्डियन ज्वैलर द्वारा अपनी तरह के एक अभिनव जेजेएस.इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स.2023 का पुरस्कार वितरण प्रसिद्ध फिल्म अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने जयपुर में एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या में किया। जयपुर ज्वैलर शो जेजेएस इंडियन ज्वैलर डिजाइन अवॉर्ड्स.2023 की पुरस्कृत प्रविष्टियों की घोषणा के बाद इन पुरस्कारों का वितरिण अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा ने जयपुर के सीतारापुरा क्षेत्र में नेवोटेल जयपुर कनवेन्शन सेन्टर में गत 22 दिसंबर से चल रहे चार दिवसीय जेजेएस में शनिवार को किया। कोठारी को रत्न और आभूषण व्यापार में उत्कृष्ट योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विशेषकर हीरे के क्षेत्र में उनकी लंबी पारी के मद्देनजर उनका इसके लिए चयन किया गया।इस प्रतियोगिता के लिए पूरे देश के आभूषण निर्माताओं खुदरा विक्रेताओं एवं डिजाइनरों ने विभिन्न श्रेणियों तथा मूल्य वर्ग में अपनी प्रतिभागी डिजाइन समीक्षा एवं चयन के लिए प्रस्तुत कीं। प्रतियोगियों ने 95 उत्पाद श्रेणियों में अपने सर्वश्रेष्ठ डिजाइन प्रस्तुत किए। जिनमें से समीक्षा के बाद एक हजार से अधिक प्रविष्टियां अन्तिम रूप से चयन के लिए निर्णायक मण्डल को प्रस्तुत की गईं। निर्णायक मण्डल ने इनमें से 15 प्रविष्टियां पुरस्कार के लिए चयनित कीं।

इस प्रक्रिया ने ही इसे जौहरियों की पसंद का पुरस्कार बना दिया है। इण्डियन ज्वैलर पत्रिका के प्रकाशक एवं सम्पादक आलोक काला ने इस अवसर पर कहा कि इस वर्ष हम अपने प्रकाशन का 60वां वर्ष मना रहे हैं और यह और भी अच्छा है कि हम इस समारोह को जयपुर में ही आयोजित कर रहे हैं जहां से यह प्रकाशन प्रारम्भ हुआ था। हमने पूरे उद्योग के साथ आज समस्त भारत में से चयनित प्रतियोगियों एवं डिजाइनों को पुरस्कृत किया।अन्य पुरस्कारों में अबरान टाईमलेस ज्वैलरी बैंगलूरू को टेम्पल ज्वैलरी के लिए मेहता एम्पोरियम ज्वैलर्स मुम्बई कोबेस्ट ब्राइडल डिजाइन.गोल्ड एवं स्टेटमेंट ज्वैलरी में नारायण ज्वैलर्स बडौदरा को बेस्ट ब्रेसलेट डिजाइन में बिरधीचन्द घनश्यामदास ज्वैलर्स जयपुर एवं सीण् कृष्णा चैटी ग्रुप ऑफ ज्वैलर्स बैंगलूरू को बेस्ट नैक्लेस डिजाइन श्रेणी टीजे इम्पैक्स मुंबई को डायमण्ड ज्वैलरी में पुरस्कृत किया गया।

अन्य विजेताओं में चारू ज्वैल्स सूरत, सोना चांदी, कानपुरए आरजेएस ज्वैलर्स जयपुर, खुराना ज्वैलरी हाउस अमृतसर आदि शामिल है।

## ब्रजभूषण शरण सिंह का करीबी हूं डमी नहीं -संजय सिंह



गोण्डा। भारतीय कुश्ती महासंघ डब्लूएफआई के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह नें शनिवार को कहा कि यह सच है कि वह निर्वतमान अध्यक्ष और सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी है मगर डमी नहीं है और करीबी होना कोई गुनाह नहीं है।

संजय सिंह ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मैं पिछले 12 वर्षों से फेडरेशन से जुड़ा हूं और पूर्व में बनारस कुश्ती संघ का अध्यक्ष रहा हूं। पिछले करीब एक वर्ष से रुकी कुश्ती पुनः दौड़ पड़ी है और नई फेडरेशन के नेतृत्व में भारत का परचम कुश्ती की दुनियां में फिर से लहराएगा।

ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक के संन्यास और और बजरंग पुनिया के पदक लौटाने को उनका निजी फैसला बताते हुए सिंह ने कहा कि साक्षी मलिक ने उन्हे फेडरेशन का अध्यक्ष नहीं बनाया बल्कि वे सुप्रीमकोर्ट के निर्देश पर लोकतांत्रिक तरीके से हुए चुनाव में विजयी हुए हैं और जहां तक देश के प्रतिनिधित्व का सवाल है तो जिन्हें देश के लिए खेलना हैए उन्होंने चुनाव परिणाम आते ही लंगोट कस ली है। खेलने वाले ओलंपिक व अन्य टूर्नामेंट की जोरदार तैयारियों में जुटे हैं लेकिन जिन्हें सिर्फ राजनीति करनी है वे सियासत कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुश्ती महासंघ से मान्यता बहाली का ईमेल द्वारा आवेदन भेज दिया गया है शीघ्र ही डब्लूएफआई की मान्यता बहाल होने की उम्मीद है। आगामी 28 से 30 दिसम्बर तक नेशनल कुश्ती अंडर 15 और अंडर 20 टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है जिसमें देशभर से पहलवान जुटेंगे।



## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैसलमेर जिले के पोखरण का किया दौरा

जैसलमेर। राष्ट्रपति एवं सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को जैसलमेर जिले के पोखरण का दौरा किया और जैसलमेर सेक्टर में सेवारत डेजर्ट कोर के सैनिकों के साथ संवाद किया।दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एके सिंह ने इस दौरान राष्ट्रपति का स्वागत किया।

इस अवसर पर राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र एवं सेना के लोग मौजूद थे। राष्ट्रपति ने एक फायर पावर अभ्यास देखा जिसमें नई पीढ़ी की हथियार प्रणालियों सहित विभिन्न हथियार प्लेटफार्मों द्वारा युद्धाभ्यास का जटिल अभ्यास शामिल था। टैंक की सवारी करते हुए रेगिस्तानी इलाके में उन्होंने अर्जुन टैंक की शक्ति और युद्ध योग्यता का प्रत्यक्ष अनुभव किया।भारतीय सेना के जवानों के साथ बातचीत करते हुए उन्होंने उनके साहस बलिदान और राष्ट्र की सेवा में उनके योगदान के लिए सराहना की और साथ ही भारतीय सेना के सभी रैंकों की प्रतिबद्धता और हर समय तैयारियों के उच्चतम मानकों की भी सराहना की।

## नौ वर्षों की विकास यात्रा से देश ने तरक्की के स्थापित किए नए आयाम - दिया कुमारी



जयपुर। राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा है कि देश में आधारभूत संरचना का तेजी से सुदृढ़ीकरण और विस्तार होने के साथ व्यापार सुगम हुआ है और गत नौ वर्षों की विकास यात्रा से देश ने तरक्की के नए आयाम स्थापित किए हैं। दिया कुमारी विद्याधर नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि यह सभी प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है कि हम सभी साथ मिलकर इस विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से विकसित भारत के पथ पर कदम बढ़ा रहे हैं। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरवशाली नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प अवश्य साकार होगा।

उन्होंने बताया कि राज्य में शुरू हुई भारत संकल्प यात्रा आगामी 26 जनवरी तक राजस्थान की सभी ग्राम पंचायतों में जाएगी। देश का प्रत्येक नागरिक को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त समर्थ एवं समृद्ध बनाना इस यात्रा का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जन जन को केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभों से अवगत करा रही है। यात्रा के दौरान न सिर्फ आमजन को योजनाओं की जानकारी मिल रही है बल्कि जो लोग किन्हीं कारणों से इन योजनाओं के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें भी इनसे जुड़ने के लिए जागरूक किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजनाए जन.धन खातों, मुद्रा योजनाए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं से महिलाओं का जीवन आसान हुआ है और उनका आर्थिक एवं सामाजिक विकास सुनिश्चित हुआ है। उपमुख्यमंत्री ने राज्य के नागरिकों से विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि वे इसमें बढ़.चढ़कर अपनी भागीदारी निभाकर विकसित भारत के सपने को साकार करने के साक्षी बने।

# अपराध से प्रभावित राज्य की छवि को होगा बदलना -भजनलाल शर्मा

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने गत वर्षों में विभिन्न प्रकार के अपराधों में बढ़ोतरी से प्रभावित रा'य की छवि को बदलने की जरुरत बताते हुए कहा है कि जनता का पुलिस में विश्वास फिर से सुदृढ करना एवं अपराधियों में भय व्याप्त करना होगा और इसमें राज्य सरकार पुलिस का हर प्रकार का सहयोग करेगी।शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। शर्मा ने अपराध नियंत्रण तथा प्रदेश की कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गृह विभाग तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ विस्तृत विचार.विमर्श किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को सभी प्रकार के अपराधियों के खिलाफसख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा में रहकर जनसेवा करना सौभाग्य की बात है। यह कार्य संवेदनशीलता एवं गुणवत्ता के साथ निष्पादित करना हर अधिकारी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि गत वर्षों में विभिन्न प्रकार के अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। इसका रा'य की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। हमें रा'य की इस छवि को बदलना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गत वर्षों में महिला उत्पीडन के मामले बड़े पैमाने पर राजस्थान में सामने आए हैं। इससे वीरों एवं विभूतियों की यह भूमि शर्मसार हुई है। हमें मातृशक्ति की समुचित सुरक्षा कर प्रदेश का सम्मान एवं गौरव लौटाना है। यह हमारी मुख्य प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभाग सभी आवश्यक कदम उठाए एवं त्वरित व प्रभावी कार्यवाही करे।

शर्मा ने कहा कि पेपरलीक कर युवाओं एवं उनके परिवारों की आशाओं पर कुठाराघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस प्रकार के अपराधों से युवाओं को अमानवीय यातना सहनी पड़ी है एवं उनका परिश्रम एवं पैसा व्यर्थ हुआ है। उन्होंने कहा कि इन मामलों की जांच के लिए गठित एसआईटी प्रभावी कार्यवाही करते हुए सभी दोषियों को सजा दिलाएगी एवं पेपरलीक के पीड़ित युवाओं को न्याय देगी।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को संगठित अपराध करने वाले गिरोहों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में संगठित अपराध पूरी तरह समाप्त होना चाहिए। प्रदेशवासियों को गिरोह के आतंक से मुक्ति मिलनी चाहिए। जेलों के अंदर से गैंग ऑपरेट करने की प्रवृत्ति पर भी पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में गठित टास्क फोर्स गिरोह के समूल उन्मूलन का कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उच्चाधिकारियों के आचरण का ही अनुसरण विभाग के अन्य कार्मिक करते हैं। उच्चाधिकारियों की यह जिम्मेदारी है कि वह अपने कर्तव्यों का शुद्ध अन्तःकरण के साथ निर्वह्न करें। उन्होंने कहा कि रा'य सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलेगी। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट आचरण करने वालों के साथ उनका सहयोग एवं बचाव करने वालों को भी नहीं बख्शा जाएगा। राज्य सरकार संस्थागत भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। विभाग में सभी स्तरों से भ्रष्टाचार समाप्त होना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि कानून व्यवस्था के उत्कृष्ट संधारण के लिए प्रदेश में सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रभावी मॉनिटरिंग की जाए। समयबद्ध रूप से इनकी मरम्मत एवं रख.रखाव सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी स्रोत से प्राप्त अपराध की सूचना को गंभीरता से लेकर तत्काल संज्ञान लें।

उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कहीं पर भी कानून.व्यवस्था बिगड़ने की संभावना के पहले संकेतों पर ही प्रो.एक्टिव अप्रोच के साथ कार्य करें। अधिकारी स्वयं समय.समय पर अपने क्षेत्र में दौरे कर स्थिति का जायजा लें। साथ ही नियमित रूप से जनसुनवाई भी करें ताकि आमजन से फीडबैक मिलता रहे।

मुख्यमंत्री ने सभी अधिकारियों को विभाग में अपनी.अपनी शाखाओं से संबंधित अपराधों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना, सुझावों आवश्यक संसाधनों का ब्यौरा तैयार कर जल्द से जल्द प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।इस अवसर पर मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि महिला सुरक्षा प्रदेश सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। इसके लिए हर स्तर पर उचित समन्वयन के साथ कार्य किया जाएगा। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने कहा कि प्रदेश में पुलिस सभी प्रकार के अपराधों की रोकथाम कर आमजन को सुरक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। गृह विभाग के प्रमुख शासन सचिव आनन्द कुमार ने कहा कि पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी।

# एक्शन मोड में वासुदेव देवनानी अजमेर को 48 घण्टे में जलापूर्ति टॉप प्रायोरिटी

अजमेर। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी शहर की व्यवस्थाएं सुधारने को लेकर एक्शन मोड में आ गए हैं। उन्होंने पेयजल आपूर्ति सुधारने के लिए जलदाय विभाग को 15 दिन का समय दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस अवधि में शहर में 48 घण्टे में पेयजल आपूर्ति नहीं हुई तो अफसर कार्यवाही या शहर से बाहर जाने के लिए तैयार रहें।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने अजमेर शहर और उत्तर विधानसभा क्षेत्र की पेयजल संबंधी व्यवस्थाओं में सुधार के लिए जलदाय विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने शहर में असमान और अनियमित जलापूर्ति पर नाराजगी जताई है। देवनानी ने स्पष्ट रूप से कहा कि शहर में अगले 15 दिन में 48 घण्टे में जलापूर्ति हो। इसके साथ ही अन्य समस्याओं का भी समयबद्ध निराकरण हो। आमजन की समस्याओं के प्रति लापरवाही का रवैया रखने वाले अफसर और कार्मिक कार्यवाही और जिले से बाहर जाने के लिए तैयार रहें।

उन्होंने कहा कि बीसलपुर से अजमेर आ रही सीमेण्टेड पाइप लाइन की मियाद 2021 में समाप्त हो चुकी है। इसे बदलकर स्टील की लाइन बिछाने का प्रस्ताव राजस्थान सरकार को 15 दिवस में भिजवाएं। केन्द्र सरकार की अमृत योजना.2 से राशि 186 करोड़ की लागत से 16 पानी की टंकी एवं 7 पम्प हाउस के निर्माण से अवगत कराएं।

विधानसभा क्षेत्र में स्वीकृत 10 ट्यूबवेल और 40 हैण्डपम्पों में से शेष रहे



ट्यूबवैल व हैण्डपम्पों को शीघ्र खुदवाने का कार्य कराएं। क्षेत्र में 48 घंटे में पेयजल सप्लाई का वितरण व्यवस्था को समुचित समय पर सुनिश्चित करें एवं इसका शेड्यूल अखबार में छपवाने की व्यवस्था करें ताकि क्षेत्र की जनता को पेयजल आपूर्ति से अवगत हो सके। पूरे शहर में जगह.जगह लीकेज की समस्या का समाधान करें ताकि क्षेत्र की जनता को पेयजल मिल सके।

देवनानी ने कहा कि बिजली ट्रिपिंग की समस्या से हो रही परेशानी से निजात के लिए बैकअप या अन्य कोई व्यवस्था करें। अमृत योजना तृतीय के प्रस्ताव को तैयार करें। बल्क मीटर लगवाने की व्यवस्था को सुनिश्चित करे ताकि समान जल वितरण को सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के समय बीसलपुर को चंबल नदी से जोड़ने की जो प्रयोजना प्रस्तावित थी उस पर कार्य योजना बनाकर सरकार को प्रस्तुत करें।शहर में मीठे पानी के स्त्रोत खोजकर उनका जीर्णोद्धार कराएं ताकि क्षेत्र की जनता को पीने का पानी प्राप्त हो सके। उन्होंने गर्मियों में जल वितरण के लिए फॉयसागर से जलापूर्ति की संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। इसी तरह अमृत योजना में रातीडांग पानी की टंकी जल जीवन मिशन के तहत लोहागल व माकड़वाली पानी की टंकी पर भी चर्चा की गई।


तेलंगाना हाउस को अन्यत्र शिफ्ट करें, साइंस पार्क की जगी आसः-देवनानी ने कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित नगर निगम आयुक्त सुशील कुमार एवं एडीए आयुक्त श्रीनिवास बीटी से शहर के विकास को लेकर चर्चा की। देवनानी ने कलक्टर से कहा कि कोटड़ा क्षेत्र में तेलंगाना हाउस को अन्यत्र शिफ्ट किया जाए। इसे लेकर स्थानीय लोगों में काफी रोष है और आवासीय क्षेत्र के बजाए इसे कायड़ या अन्य बाहरी क्षेत्र में भूमि आवंटित की जाए।उन्होंने कहा कि पंचशील स्थित साइंस पार्क को लेकर भी तुरंत कार्यवाही शुरू की जाए। यह अजमेर के विद्यार्थियों के लिए एक आदर्श योजना है। इसकी शुरुआत जल्द से जल्द होनी चाहिए। इसी तरह शहर में जलापूर्ति भी समान और समय पर हो। उन्होंने नगर निगम और एडीए के आयुक्तों से स्मार्ट सिटी योजनाए विकसित भारत संकल्प यात्राए विधायक कोष के लम्बित कार्यए सीवरेज और अन्य कार्यों पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के कामकाज में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। सीवरेज के कारण कई जगह लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इनका निराकरण किया जाए।

# एप से करवा सकते हैं आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य में रजिस्ट्रेशन

अजमेर। केन्द्र सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में अजमेर जिले के 10.2 लाख पात्र परिवारों को आयुष्मान हेल्थ कवर की शानदार सौगात मिलेगी।

गरीब एवं कमजोर वर्ग के व्यक्तियों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाद्व संचालित की जा रही है। वर्तमान में यह योजना के अन्तर्गत विभाग द्वारा बंदित पारियों को योजना से जोड़ने के लिए बहुत ही तेजी से कार्य किया जा रहा है।चिकित्सा विभाग के अनुसार केन्द्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में अजमेर जिले को 10012 लाख व्यक्तियों का लक्ष्य आवंटन किया गया था। इसमें से अब तक पुनर्गठित अजमेर जिले में अभी एक 54 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की जा चुकी है। इसी प्रकार पूर्व अजमेर जिले में अभी तक 41 प्रतिशत का लक्ष्य पूर्ण कर




लिया गया है एवं अब तक 4 लाख 11 हजार कार्ड बनाए जा चुके हैं।आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पात्र व्यक्ति को आयुष्मान कार्ड दिया जाता है। इन्हें अधिकृत अस्पतालों में प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक के निःशुल्क उपचार की सुविधा मिलती है।

कार्ड धारक को भर्ती होने के सात दिन पहले एवं डिस्चार्ज के दस दिन बाद का मेडिकल चेकअप तथा दवाएं भी मुहैया कराई जाएगी। आयुष्मान योजना के तहत कोरोना कैंसर, मुर्दा एवं हृदय रोगए डायलिसिस घुटने व कुल्हा प्रत्यारोपण निसंतानता पाइल्स व टीबी आदि अन्य सभी गंभीर रोगो के निःशुल्क उपचार सहित 56 तरह की निःशुल्क जाबो की सुविधा मिलती है।

इस तरह बनाएं आयुष्मान कार्डः- केन्द्र सरकार की इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अपात्र व्यक्ति स्वयं भी अपनी पात्रता की जांच कर कार्ड बनवा सकता है।


इसके लिए पात्र व्यति को **PM-JAY** आयुष्मान ऐप डाउनलोड करने के बाद अपना मोबाइल नम्बर देना होगा। ओटीपो तथा केपचा कोड के जरिए पोर्टल पर पहुंच कर सर्वप्रथम राज्य का नाम देना होगा। उसके बाद सर्च में परिवार आईडी आधार कार्ड नाम ग्रामीण व शहरी अथवा **PM-JAY** आई एक की जानकारी देनी होगी। इसके बाद जिले का चयन करते ही पात्र होने की जानकारी सामने आ जाएगी। पात्र होने पर स्वयं ही जानकारी देकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट **http://ben-eficiary. nha. gov. in** पर देखें।

# *Redmi Note 13 Pro India price leaked ahead of January 4 launch*

The Redmi Note 13 series is launching in India on January 4 and it is not a secret. Ahead of the launch, the India price of the Redmi Note 13 Pro has been leaked online, which confirms two things. Here are the details.The Redmi Note 13 series is launching in India on January 4 and it is not a secret. The good thing is we already know most of the things about the next-generation Redmi Note series, given the mid-range Redmi Note 13 series was recently announced in China. But, there is one thing that has left people to imagine in regards to what could be the price of the upcoming Redmi phones in India. Now, tipster Abhishek Yadav has leaked the box price of the Redmi Note 13 Pro, which confirms 2 things.The latest leak confirms that the



company will be launching 3 phones in India in its Redmi Note 13 series. The company has already teased the Redmi Note 13 and Pro+ versions. The price of the Pro model confirms that this one is also on its way. The cited source claims that the box price of the Redmi Note 13 Pro smartphone is Rs 32,999.But, this doesn't mean that the launch price of this device will be the same because the companies usually reveal phones at a reduced price compared to what we see on the box as MRP. The Redmi Note 13 Pro is expected to be priced under Rs 30,000 in India, and the Pro+, which will be the most premium among the three, might cost between Rs 30,000 to Rs 35,000.




## भरत मुनि स्मृति दिवस पर होगी भरत मुनि नाट्य गोष्ठी व लेखन प्रतियोगिता

अजमेर। पारंपरिक भारतीय नाटक परंपरा को भी पुनः मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य से संस्कार भारती.जयपुर प्रांत भरत मुनि स्मृति दिवस ;24 एवं 25 फरवरी 2024 के अवसर पर भरत मुनि के नाट्यशास्त्र पर दो दिवसीय नाट्य.गोष्ठी एवं कार्यशाला का आयोजन जयपुर में आयोजित करेगी।संस्कार भारती के प्रांत सह मंहामंत्री बनवारी लाल चेजारा ने बताया कि वर्तमान में आधुनिक भारतीय नाटक में अधिकांश रचनाएं भरत मुनि की इस गौरवशाली परंपरा से हटकर हो रही हैं। जबकि पारंपरिक भारतीय नाटक सनातन धर्म से अत्यधिक प्रभावित है साथ ही भारतीय कलाकारों द्वारा विकसित किया गया था और यह ग्रीक और पश्चिमी प्रभाव की प्रतिकृति नहीं था। भारतीय नाटक के इतिहास में भरतमुनि को पितातुल्य माना जाता है। भरत का नाट्यशास्त्र पाठक को न केवल नाटक में क्या चित्रित किया जाना है इस बारे में मार्गदर्शन देता है वरन यह भी बताता है कि चित्रण को कैसे क्रियान्वित किया जाना है।इस नाट्यगोष्ठी के अवसर पर पूर्व.रंग के रूप में ष्भरत मुनि नाट्य लेखन प्रतियोगिता( का भी आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में नाट्य शास्त्र में उल्लेखित 10 रूपकों में से किसी भी एक प्रकार के रूपक का लेखन करने की यह प्रतियोगिता युवा नाटककारों के लिए एक स्वर्णिम अवसर है कि वह नाटक और भरतमुनि के सिद्धांतों के विषय में पढ़ें और रचनाएं तैयार करें। इसके प्रतिभागियों को 25 फरवरी को होने वाली नाट्य.गोष्ठी में पुरस्कृत भी किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए प्रतियोगिता समन्वयक संदीप लेले से 9414361338 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

## पुष्कर में ब्रह्माजी मंदिर की दान पेटियों से निकले 28 लाख रूपए

अजमेर। राजस्थान में अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर स्थित विश्व प्रसिद्ध जगतपिता ब्रह्माजी मंदिर की दान पेटियों से 28 लाख रूपए निकले है।पुष्कर ब्रह्माजी मंदिर का प्रबंधन रा'य सरकार के हाथ में है और वहां स्थापित दान पेटियों को खोलने पर 28 लाख रुपए से 'यादा का चढ़ावा मिला है। पुष्कर नायब तहसीलदार नीलम राठौड़ ने बताया कि दानपेटियों से निकली राशि को गिनने में तीन दिन का समय लगा। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर एवं मंदिर प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष डॉ.भारती दीक्षित के निर्देशानुसार दान पेटिकाओं को खोला गया।

**समाचार भेजने और विज्ञापन हेतु व किसी अन्य जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-**

मो. +91 98879087277,
7737385114
Email ID
sabgurunews@gmail.com
अजमेर-6/12बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील अजमेर 305001, राज.
जयपुर-D8, गोवर्धन कॉलोनी मोहन मार्ग, विवेक विहार मेट्रो स्टेशन के पास जयपुर 302019, राज.

# अजमेर रेलवे स्टेशन का बर्थडे, कैदियों ने गाए तराने

अजमेर। रेलवे के अजमेर मंडल के अजमेर स्टेशन के गौरवमय इतिहास को दर्शाने के लिए गुरुवार को स्टेशन परिसर में स्टेशन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्टेशन के बर्थडे पर बाकायदा केक काटा गया।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्टेशन महोत्सव योजना के अंतर्गत देशभर में स्टेशनों का स्थापना दिवस कार्यक्रम मनाया जा रहा है। इसी क्रम में अजमेर मंडल के स्टेशनों पर भी स्टेशन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसकी शुरूआत अजमेर रेलवे स्टेशन से की गई।




मण्डल रेल प्रबंधक राजीव धनखड़ व डीएफसीसीआईएल के महाप्रबंधक ;समन्वय एसआर सांगवा की गरिमामयी उपस्थिति में गीत और संगीत से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेलवे के सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों अधिकारियों व स्कूली बच्चों को सम्मानित किया गया।सांस्कृतिक प्रस्तुति के अंतर्गत सेंट्रल जेल की आर्केस्ट्रा टीम न सुमधुर गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। रेलवे के कलाकारों ने भी समा बांध दिया। अजमेर स्टेशन भवन की समाकृति का केक काटा गया तथा आजादी के प्रतीक गुब्बारे भी उड़ाए गए।महोत्सव के दौरान आधुनिकता व विकास के इस दौर में विरासत को संजोए रखते हुए अजमेर स्टेशन के इतिहास और स्टेशन के बारे में जागरूकता बढाने के लिए वीडियो वॉल पर प्रस्तुतीकरण प्रदर्शित किया गया। इसमे अजमेर स्टेशन के प्राचीन फोटो व जानकारी को दर्शकों ने खूब सराहा।

स्टेशन महोत्सव में क्या रहा खासः-अजमेर मंडल का इतिहासए पुरानी फोटो, स्थापना पट्टीका, आगरा.अजमेर रेल लाइनए राजपूताना स्टेट रेलवे के अंतर्गत नीमच.अजमेर रेल लाइनए पश्चिमी राजपूताना स्टेट रेलवे के अंतर्गत अजमेर.अहमदाबाद लाइनए अजमेर रेलवे स्टेशन का वर्ष 1905 का फोटो वर्ष 1908 में अजमेर स्टेशन पर खड़ी ट्रेन का फोटोए बीबी एंड सेंट्रल इंडिया रेलवे द्वारा अजमेर वर्कशॉप में निर्मित करवाए गए इंजन का फोटोए अजमेर स्टेशन के ब्रॉड गेज व मीटर गेज से संबंधित फोटोग्राफ रेल म्यूजियम अजमेर में स्थापित अजमेर रेलवे स्टेशन का मॉडल जैसी सामग्री उपलब्ध कराई गई। वर्तमान स्टेशन बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 1900 में किया गया था।

## उत्तर पश्चिम रेलवे में अजमेर मंडल का महत्व

अजमेर मंडल उत्तर पश्चिम रेलवे का महत्वपूर्ण मंडल है जिसमें अजमेर स्टेशन सबसे प्रमुख स्टेशन है। गौरवशाली अतीत और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि वाली राजपूताना.मालवा रेलवे का निर्माण सन् 1870 में शुरू किया गया था। दिल्ली.रेवाड़ी लाइन का निर्माण सन 1872 में और रेवाडी.अजमेर ;मदार.अजमेरद्ध का निर्माण सन 1875 में और अजमेर.अहमदाबाद लाइन का निर्माण 1881 में हुआ। अजमेर मंडल सन 1956 में मुख्य रूप से मीटर गेज प्रणाली पर अस्तित्व में आया। मदार से अजमेर तक मीटर गेज का ब्रॉड गेज में रूपांतरण सन 1995 में पूरा हुआ और चलने वाली पहली ट्रेन दिल्ली.जयपुर शताब्दी एक्सप्रेस थीए जिसे बाद में जयपुर से अजमेर तक बढ़ा दिया गया था। इसके बादए अजमेर और अहमदाबाद के बीच मीटर गेज को भी ब्रॉड गेज में बदल दिया गया और 3 मई 1997 को चालू कर दिया गया।

## अजमेर .जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग शीघ्र होगा 10 लेन में क्रमोन्नत

अजमेर। राजस्थान में अजमेर. किशनगढ़.जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग शीघ्र ही दस लेन में क्रमोन्नत होगा। अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर अजमेर संसदीय क्षेत्र की विभिन्न मांगों पर चर्चा की जिसमें अजमेर-किशनगढ़-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को दस लेन में क्रमोन्नत करने पाटन एवं दातरी में नवीन फ्लाईओवर स्वीकृत करने की मांग की थी। चौधरी के अनुसार इस पर गडकरी ने सैद्वान्तिक स्वीकृत देते हुएये विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही चौधरी ने गडकरी से स्टेट हाइवे संख्या.26 नसीराबाद, केकड़ी.देवली स्टेट हाइवे संख्या.दो दौसा.दूदू.नागौर एवं किशनगढ़ से हनुमानगढ़ तक मेगा हाईवे को चालू बजट वर्ष 2023.24 में राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित कर विकसित करनेए अजमेर पुष्कर सड़क मार्ग के मध्य स्थित पुष्कर घाटी में टनल निर्माण अथवा इस घाटी मार्ग को चौड़ा करने के लिए बजट का आवंटन करने निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ के किशनगढ़-ब्यावर के खण्ड मार्ग पर स्थित खरवा गांव पर स्वीकृत अंडरपास के स्थान पर नवीन फ्लाईओवर का निर्माण करने की मांग की।

## विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने किया सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण



अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने आज यहां राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय पंचशील नगर में विधायक कोष से स्थापित सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि राज्य में सत्ता परिवर्तन से बेहतर परिणाम देखने को मिलेंगे।इस मशीन की शुरूआत से आसपास के हजारों लोगों को उनके घर के पास ही सोनोग्राफी की सुविधा मिलेगी। करीब 27 लाख रूपए की लागत से इस मशीन के शुरू होने से जवाहर लाल नेहरू अस्पताल पर भी मरीजों का भार कम होगा। इस अवसर पर देवनानी ने कहा कि चिकित्सा सुविधा मेरी पहली प्राथमिकता रही है। यदि लोग स्वस्थ रहते हैं तब वह अपने जीवन के हर क्षेत्र में अग्रणी होते हैं। सोनोग्राफी मशीन की सुविधा उपलब्ध हो जाने से अब मरीजों को जांच कराने दूर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 5 करोड़ रूपए की लागत से बनाया गया था तथा इसमें ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए 54.32 लाख रूपए स्वीकृत किए गए थे। इस स्वास्थ्य केन्द्र में क्रिटिकल केयर एम्बूलेंस की सुविधा प्रदान करने के लिए 17 लाख रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई थी। कोविड के दौरान इस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को डेडिकेटेड कोविड सेन्टर बनाया गया।

**पंचशील डिस्पेंसरी में मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा**

पंचशील नगर रामनगरए वैशाली नगरए माकड़वाली तथा कोटड़ा क्षेत्र मे स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण के लिए 9 करोड़ रूपए खर्च किए गए। पुलिस लाईन स्थित शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पुलिस लाईन अजमेर के भवन के प्रथम तल पर कक्ष निर्माण कार्य के लिए 20 लाख रूपए स्वीकृत किए गए।उन्होंने बताया कि 20 लाख रूपए की लागत से शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र वैशालीनगर में वार्ड व स्टोर रूम का निर्माण किया गया तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र डिग्गी बाजार में एक कमरे के निर्माण व टीन शेड लगवाने के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं।उन्होंने कहा कि स्टाफ पूरी संवेदनशीलता से काम करें ताकि लोग प्राईवेट हॉस्पिटल में जाना भूल जाएं। स्टाफकर्मियों को अपनी नौकरी को मानव सेवा समझकर करनी चाहिए। अजमेर राजस्थान में आगे बढ़े यह सोचकर पूरी निष्ठा से काम करनी चाहिए। जनता को निःशुल्क सुविधा मिलनी चाहिए।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अनुज पिगोंलिया ने बताया कि पंचशील सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुरू होने वाले सोनोग्राफी मशीन अच्छी गुणवता वाली व अत्याधुनिक है। इस स्वास्थ्य केन्द्र में 100 ऑक्सीजन की सुविधा वाले बेड है तथा ऑक्सीजन प्लांट भी लगाया गया है। यहां का स्टाफ डेडीकेटेड है और पूरी निष्ठा के साथ काम करता है।

उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष देवनानी से आग्रह किया कि इस स्वास्थ्य केन्द्र को मेडिकल एंड हेल्थ डिपार्टमेंट में शामिल किया जाना चाहिए ताकि स्टाफकी कोई कमी नहीं रहे। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एसएस जोधा ने बताया कि इस सोनोग्राफी मशीन में प्रिंटर व यूपीएस सिस्टम भी लगा है तथा इस मशीन से हजारों लोगों को फायदा मिलेगा।

## गीता जयंती पर विधानसभा अध्यक्ष ने किया संतों का सत्कार



विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को गीता जयंती पर अपने निवास पर संतों का सत्कार किया। इस अवसर पर शहर के विभिन्न मंदिरों से संत पधारे। इन संतो का शॉल एवं माला पहनाकर इनका सम्मान किया गया। इसके पश्चात इन सभी संतों को भोजन करवाया गया।इस अवसर पर चित्राकूट धाम के उपासक पाठक महाराज, राजगढ़ धाम के उपासक चंपालाल, नोसर माता मंदिर के महंत रामा कृष्ण देव, आचार्य रवि शंकर महाराज निंबार्ककोट खाईलैंड स्वरूप दास महाराज ईश्वर मनोहर दरबार अजय नगर, नारायण दास महाराज प्रेम प्रकाश आश्रम आदर्श नगर, फत्तन दास महाराज जतोइ दरबार नगीना बाग साधुराम महाराज आनंदपुर दरबार वैशाली नगर विषम दास महाराज हाथीराम दरबार, ब्रह्म प्रकाश महाराज गणेश मंदिर आगरा गेट, चंद्रस्वरूप महाराज बालाजी मंदिर होली धड़ा पंडित बाबूलाल महाराज राजेश्वर मंदिर कोतवाली पंडित सुनील जागेश्वर महादेव मंदिर घी मंडी भाग सिंह भेरू मंदिर काजीपुरा पंडित विनोद शर्मा कोटेश्वर महादेव मंदिर हाथी खेड़ा एवं मदन महाराज चामुंडा माता मंदिर सहित कई मंदिरों के संत उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक विजय सिंह ने मुद्रक किशन गुप्ता द्वारा इंडिया ऑफसेट प्रिंटर्स 419 ब्रह्मपुरी, जयपुर रोड से मुद्रित करवाकर कार्यालय 6/12 बी ब्लॉक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी पंचशील, अजमेर (राज.) से प्रकाशित किया। सम्पादक- विजय सिंह मो. 9887907277